प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 28.01.2025 दिन मंगलवार को जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में एक वृहद् कार्यक्रम Alumni Meet का आयोजन हुआ। उद्घाटन करते हुए माननीय ग्रामीण विकास मंत्री एवं जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संरक्षक श्री श्रवण कुमार जी ने कहा कि जे0 पी0 ग्रुप के अंतर्गत संचालित सभी संस्थाएँ अपने—अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। आज यहाँ पुराने छात्रों का जो सम्मान समारोह आयोजित किया गया है वह भी अतुलनीय है।

आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जिस—जिस ने अपनाया वह कभी भी बेरोजगार नहीं रहा है। शिक्षा के द्वारा हम एक सुयोग्य नागरिक तैयार करते हैं। हमारा संस्थान विगत् कई वर्षों से इस जिले में शिक्षा का अलख जगाए हुए है। हमलोग समय—समय पर इस प्रकार का कार्यक्रम करते रहते हैं। इस आयोजन में Alumni Meet, फ्रेशर पार्टी तथा फेयरवेल पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। इससे हमारे यहाँ के बच्चों को प्रेरणा मिलती है कि हम अच्छा प्रदर्शन करें। हमलोग न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को जनता तक पहुँचाने का भी कार्य करते हैं।

इस अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप में विगत दिनों हुए खेल—कुद प्रतियोगिता के विजेताओं तथा विगत परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को संस्थान के संरक्षक श्री श्रवण कुमार जी ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर इस संस्थान से जुड़े विभिन्न शिक्षाविद्, चिकित्सक, बैंक कर्मी इत्यादि को सम्मानित करते हुए श्री शैलेश कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान को आगे बढ़ाने में इस जिले के विभिन्न शिक्षाविद् चिकित्सक, बैंक कर्मी तथा प्रेस न्यूज का सराहनीय योगदान रहा है।

कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि आज जे0 पी0 ग्रुप एक ऐसा नाम बन चुका है जहाँ प्रवेश का अर्थ है सफलता पा लेना, जहाँ से पास होकर बच्चे हर जगह अपनी छाप छोड़ रहे हैं। इनके यहाँ छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे कार्यक्रम होते रहते हैं।

इस अवसर पर श्रीमति रीना यादव ने कहा कि जे0 पी0 ग्रुप अपनी छात्राओं के शारीरिक तथा मानसिक विकास हेतु बराबर कुछ न कुछ कार्यक्रम करते रहते हैं। यहाँ शिक्षा का जो माहौल है वह अतुलनीय है।

ज्ञातव्य है कि जे0 पी0 ग्रुप केवल बिहार में ही नहीं बल्कि झारखण्ड में भी विभिन्न शैक्षणिक संस्थान स्थापित किये हुए है और दोनों संस्थानों से पास होकर छात्र—छात्राएँ देश के कोने—कोने में नौकरी कर रहे हैं तथा जे0 पी0 ग्रुप का नाम रौशन कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में छात्र—छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृति कार्यक्रम किया। इनके प्रदर्शन पर सभी उपस्थित दर्शक झूम उठे। अंत में सचिव श्री शैलेश कुमार ने सभी आगन्तुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में जे0 पी0 ग्रुप के सभी विभागों के प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा छात्र—छात्राएँ उपस्थित थे।